IG/PIU/DigiNews/March/1046

इग्नू जन–जन का विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf Under OU Category

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

**12th March 2026** | **RC– Varanasi**

Regional Director Dr. UpendraNabhTripathi and Regional Centre Varanasi are regularly coordinating with print and electronic media andgot published regular press releases for January 2026 session in different districts under its jurisdiction.

## विद्यार्थियों को इग्नू की विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की दी जानकारी



वाराणसी (स्वीकृत द वर्ल्ड)। यूपी कालेज परिसर स्थित इग्नू अध्ययन सेंटर पर शनिवार को आयोजित प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की खासी भागीदारी रही। आयोजन समन्वयक प्रो. संजय कुमार शाही के निर्देशन में किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली और विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी देना था। अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो धर्मेंद्र कुमार सिंह की। मुख्य अतिथि इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उपेंद्र नाथ त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता श्रीप्रकाश गौतम रहे। अतिथियों ने इग्नू की प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रमों की उपयोगिता और दूरस्थ शिक्षा से मिलने वाले अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। एग्रीकल्चर के नए डिप्लोमा कोर्स हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, डेयरी टेक्नोलॉजी और ऑर्गेनिक फार्मिंग सहित एमबीए, एमसीए, पत्रकारिता व अन्य विषयों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर समाधान प्राप्त किया। संचालन डॉ. आरएस रघुवंशी, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रो. एनपी सिंह, प्रो. सुधीर कुमार राय, आदित्य कुमार व डॉ. डीडी सिंह आदि थे।

## इग्नू के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

वाराणसी। यूपी कॉलेज परिसर स्थित इग्नू अध्ययन सेंटर पर शनिवार को प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम में प्रो. संजय कुमार शाही ने रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो धर्मेंद्र कुमार सिंह की। मुख्य अतिथि इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उपेंद्र नाथ त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता श्रीप्रकाश गौतम रहे। संचालन डॉ. आरएस रघुवंशी, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष गुप्ता ने किया।

## इग्नू : 28 फरवरी तक होगा प्रवेश

प्रतापगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के प 28 फरवरी तक प्रवेश होगा। एमडीपीजी कॉलेज के इग्नू अध्य डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि पूर्व में यह तिथि 15 फरवरी थी इसे बढ़ाकर 28 फरवरी तक कर दिया है। एमडीपीजी केंद्र पर पाठ्यक्रम संचालित है।

## इग्नू समन्वयक संजय शाही ने इग्नू में प्रवेश जागरूकता का किया आयोजन



दैनिक भास्कर यूसुफ खान वाराणसी

वाराणसी -- इग्नू सेन्टर उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी के समन्वयक प्रो. संजय कुमार शाही द्वारा शनिवार को इग्नू में प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उदय प्रताप कॉलेज के प्राचार्य द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डा. उपेंद्र नाथ त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट श्री प्रकाश गौतम उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और समन्वयक द्वारा इग्नू व इग्नू में चल रहे विभिन्न कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया, उसको पढ़ने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। दूरस्थ अध्ययन से होने वाले लाभ पर भी प्रकाश डाला गया। एग्रीकल्चर में शुरू किए गए नए डिप्लोमा कोर्स जैसे हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, डेयरी टेक्नोलॉजी, ऑर्गेनिक फार्मिंग आदि के साथ साथ एमबीए, एमसीए, पत्रकारिता और अन्य रोजगार परक विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं इग्नू से संबंधित बहुत सारे प्रश्न पूछे गए और मिले उत्तर से भी संतुष्ट हुए। प्राचार्य द्वारा एनईपी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और जागरूक रहने की सलाह भी दी गई जिससे समय से नौकरी मिल सके। मुख्य अतिथि द्वारा इग्नू में चल रहे विभिन्न प्रोग्राम से संबंधित जानकारी के साथ-साथ ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया। विशिष्ट अतिथि श्री प्रकाश गौतम ने जीवन में सफल होने के तरीके पर विस्तार से जानकारी दिये।इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आरएस रघुवंशी ने तथा धन्यवाद ज्ञापित डा.मनीष गुप्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रो. एनपी सिंह, प्रो. सुधीर कुमार राय, आदित्य कुमार और डा. डीडी सिंह उपस्थित रहे।

## न्यू गीतांजलि टाइम्स

### के एन आई इग्नू अध्ययन केंद्र पर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

इग्नू की स्थापना भारत में दूरस्थ शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु की गयी -डॉ उपेंद्र नाथ त्रिपाठी



इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf
Under OU Category

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

*12th March 2026* | RC– Varanasi

## हरिशचंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इग्नू अध्ययन केंद्र पर प्रवेश प्रमोशन के लिए कार्यक्रम हुआ सम्पन्न, इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक

**वाराणसी, दैनिक मान्यवर।** हरिशचंद्र पी.जी. कॉलेज में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र - 48048 पर प्रवेश प्रमोशन के लिए असिस्टेंट रीजनल डायरेक्टर डॉ. श्रवन कुमार पांडेय के उपस्थिति में प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्वागत प्रो. अनिल कुमार तथा धन्यवाद उप समन्वयक डॉ. ओम शर्मा ने किया। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 15 फरवरी 2026 तक है। इस संबंध में इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर अनिल कुमार ने इग्नू से प्राप्त शिक्षा से लाभ को विस्तृत रूप से बताया तथा इसके डिग्री को विदेश में भी वरीयता दी जाती है इग्नू शिक्षा को सबके घर तक पहुँचा रहा है ' स्नातक स्तर पर




बी. ए. एवं बी.कॉम, स्नातकोत्तर स्तर पर एम.ए., एम.कॉम. व एम.एस-सी.- रसायन विज्ञान और विभिन्न विषयों में , डिप्लोमा व पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (विधि के छात्रों के लिए) आदि पाठ्यक्रमों में दाखिले के अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 है। उन्होंने आगे बताया कि सत्र जनवरी की प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन चल रही है। इग्नू में प्रवेश के उपरांत अध्ययन सामग्री विद्यार्थियों को मुफ्त उपलब्ध है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए प्रवेश आधे शुल्क पर है। इच्छुक छात्र ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश ले सकते हैं और किसी भी अन्य जानकारी के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र - 48048 हरिशचंद्र महाविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं। डॉ. श्रवन कुमार पांडेय ने इस अवसर पर इग्नू के विभिन्न प्रोग्राम में प्रवेश के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की तथा इसके महत्व पर चर्चा की कविधि के छात्रों के लिए इग्नू ने डिप्लोमा कोर्स भी है। डॉ. पांडेय जी ने कहा की विधि डिग्री के साथ छात्र अगर साइबर लॉ, उपभोक्त, क्रिमिनल जस्टिस इत्यादि में डिप्लोमा करता है तो विधि की डिग्री का महत्व और अधिक हो जाता है।

## हरिशचंद्र पीजी कॉलेज में इग्नू प्रवेश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, 15 फरवरी तक आवेदन का मौका

**वाराणसी।** हरिशचंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र-48048 पर प्रवेश प्रमोशन और जागरूकता के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें असिस्टेंट रीजनल डायरेक्टर डॉ. श्रवण कुमार पांडेय की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रो. अनिल कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि उप समन्वयक डॉ. ओम शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान बताया गया कि इग्नू में जनवरी सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया चल रही है और आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। प्रो. अनिल कुमार ने इग्नू से मिलने वाली शिक्षा के लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यहां से प्राप्त डिग्री को देश-विदेश में मान्यता मिलती है और यह शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। स्नातक स्तर पर बी.ए. और




बी.कॉम., स्नातकोत्तर स्तर पर एम.ए., एम.कॉम. व एम.एससी. (रसायन विज्ञान) सहित विभिन्न विषयों में पाठ्यक्रम, साथ ही डिप्लोमा और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के अवसर उपलब्ध हैं। प्रवेश के बाद विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री नि:शुल्क प्रदान की जाती है तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्रों को आधे शुल्क पर प्रवेश की सुविधा दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश ले सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र, हरिशचंद्र पीजी कॉलेज से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ. श्रवण कुमार पांडेय ने इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों और उनके महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए विशेष रूप से विधि के छात्रों के लिए उपलब्ध डिप्लोमा कोर्स जैसे साइबर लॉ, उपभोक्ता कानून और क्रिमिनल जस्टिस की जानकारी दी और कहा कि ऐसे कोर्स करने से विधि की डिग्री का महत्व और बढ़ जाता है।

IG/PIU/DigiNews/March/1048

इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf
Under OU Category

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

12th March 2026 | RC– Varanasi

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी है इग्नू की किताबें



एमडीपीजी कालेज में आयोजित बैठक में बोलते प्राचार्य प्रो० शैलेन्द्र मिश्र

### एमडीपीजी कालेज में हुई बैठक

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश की समय सीमा बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है जिसमें दूरस्थ एवं ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके सभी पाठ्यक्रम को यूजीसी द्वारा पूर्ण मान्यता प्राप्त है।

उन्होंने यह भी बताया कि इच्छुक छात्र छात्राएँ इग्नू से स्नातक, स्नातकोत्तर परास्नातक, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। इसमें आवेदक के आयु की कोई सीमा नहीं है।

जो विद्यार्थी नियमित रूप से किसी संस्थान में प्रवेश नहीं ले सकते। वे घर बैठे अथवा अपनी नौकरी के साथ इग्नू द्वारा अपनी शिक्षा को पूर्ण कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार मिश्र ने बताया है कि इग्नू विश्वविद्यालय एक उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है और इसके सभी अध्ययन सामग्री विश्वस्तरीय होते हैं।

छात्र अपने कोर्स को पूरा करने के साथ साथ इग्नू की किताबों से प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकता है।

प्रो अरविंद मिश्रा ने कहा कि इग्नू के कई कार्यक्रम रोजगार परक एवं कौशल विकास के हित हैं। इग्नू के काउंसलर डॉ सी एन पांडे ने बताया कि अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ में 47 से ज्यादा प्रोग्राम संचालित होते हैं।

## 15 तक होगा इग्नू में प्रवेश–डा .अमरनाथ

स्वतंत्र चेतना,देवरिया। इग्नू अध्ययन केन्द्र 27119 बी.आर.डी.पी.जी.कालेज से सत्र जनवरी 2026 में स्नातकोत्तर डिप्लोमा एग्री बिजनेश तथा योगा में प्रमाणपत्र दो नये कोर्स के साथ प्रवेश प्रारम्भ हो गया है जिसके प्रवेश की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। इसके अलावा बी.बी.ए., बी.ए. बी.ए. आनर्स (हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, समाज शास्त्र, राजनीतिशास्त्र, लोक प्रशासन,दर्शनशास्त्र, इतिहास, आदि), बी.ए.एप्लाइड स्किल, बी.काम. एम.काम. एम.ए. (हिन्दी, संस्कृत, राजनीतिशास्त्र, समाज शास्त्र, इतिहास,अर्थशास्त्र, ग्रामीण विकास, सतत विकास विज्ञान, उद्यमिता, हिन्दू अध्ययन,



भगवत गीता आदि), एम.एस सी. जैव रसायन एवं रोजगार परक डेयरी टेक्नोलॉजी तथा फलो एवं सब्जियो के मूल्यवर्धवन में डिप्लोमा तथा स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स (विश्लेषण रसायन, प्री प्राइमरी एजुकेशन एवं संस्कृत में विज्ञान) सहित कुल 38 कोर्स में प्रवेश हो रहा है। इग्नू में प्रवेश नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार हो रहा है, इसमें प्रवेश हेतु आयु की सीमा की बाध्यता नही है। शिक्षार्थी किसी भी विषय से ग्रेजुएशन किए हो एम.ए. किसी भी विषय से कर सकते है। केन्द, राज्य सरकार के कर्मचारी एवं पुलिस सेवा तथा सेना के जवान बिना अवकाश लिए कोई भी कोर्स कर सकते हैं। महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय से नियमित कोर्स करते हुए इग्नू से कोई भी कोर्स कर सकते हैं। इग्नू में प्रवेशित शिक्षार्थियो को प्रवेश की फीस में उच्च स्तरीय अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराती जिसे अध्ययन कर न सिर्फ डिग्री प्राप्त कर सकते बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी है।

## इग्नू का डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी



दुबे क्रांति

चंदौली। सकलडीहा पीजी कॉलेज में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र संख्या 48047 में विभिन्न प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि अब बढ़कर 28 फरवरी हो गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए अध्ययन केंद्र समन्वयक प्रोफेसर समीम राइन ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया की तिथि बढ़ाई गई है, ताकि अधिक से अधिक छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा का लाभ उठा सकें। वहीं आगे यह भी बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश भी ले सकते हैं, तथा आवश्यक मार्गदर्शन के लिए सकलडीहा पीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी छात्र–छात्राओं से समय सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील किया है।

IG/PIU/DigiNews/March/1049

इग्नू
जन–जन का विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf
Under OU Category

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

12th March 2026

RC– Varanasi

## इग्नू का डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी



न्याय आपका संवाददाता

**सकलडीहा, चंदौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र संख्या 48047 में विभिन्न प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि अब बढ़कर 28 फरवरी हो गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए अध्ययन केंद्र समन्वयक प्रोफेसर समीम राइन ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया की तिथि बढ़ाई गई है, ताकि अधिक से अधिक छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा का लाभ उठा सकें। वहीं आगे यह भी बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश भी ले सकते हैं, तथा आवश्यक मार्गदर्शन के लिए सकलडीहा पीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र से संपर्क कर सकते है। उन्होंने क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं से समय सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील किया है।

## काशी हिंदू विश्वविद्यालय: इग्नू कृषि आधारित पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक



नैतिक आवाज संवाददाता

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डेयरी विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र (48003) में कृषि आधारित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है। अध्ययन केन्द्र में कृषि एवं खाद्य क्षेत्र से संबंधित पाठ्यक्रम जैसे डी.डी.टी. पी.जी.डी. एफ.एस.क्यू.एम. एम.एस.सी (एफएसक्यूएम), ऑर्गेनिक फार्मिंग, हॉर्टीकल्चर, पोल्ट्रीफार्मिंग, मधुमक्खी पालन तथा पीएससी (एफएसक्यूएम) संचालित किए जाते है।

इस अध्ययन केन्द्र में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड तथा छत्तीसगढ़ के विद्यार्थी अध्ययनरत है। फूड सेफ्टी एवं डेयरी तकनीक जैसे रोजगार परक पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की विशेष रुचि देखी जा रही है। इन पाठ्यक्रमों के लिए किसी प्रकार की आयु सीमा निर्धारित नहीं है तथा इग्नू की पढ़ाई विद्यार्थी नौकरी करते हुए भी कर सकते है।

अध्ययन केन्द्र (48003) के समन्वयक डॉ. अरविन्द ने बताया कि इग्नू के पाठ्यक्रम विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए जाते है और उनकी गुणवत्ता उच्च स्तर की होती है। इस अध्ययन केन्द्र में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से जुड़ने का गौरव प्राप्त होता है तथा अभ्यर्थी अपनी रुचि के अनुसार किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते है।

## इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक बढ़ी



**वाराणसी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जनवरी 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी 2026 कर दी है। अब इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के अंतर्गत आने वाले 19 जनपदों के 35 अध्ययन केंद्रों पर करीब 210 विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन समर्थ पोर्टल ignouadmission.samarth.edu.in के माध्यम से की जा रही है। वाराणसी स्थित हरिश्चंद्र पी.जी. कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र-48048 पर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, बीए, बीकॉम, एमएससी (केमिस्ट्री), एमए राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, सामाजिक शास्त्र तथा साइबर कानून, उपभोक्ता संरक्षण, पेटेंट प्रैक्टिस, क्रिमिनल जस्टिस, मानव तस्करी और पैरालीगल प्रैक्टिस जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए www.ignou.ac.in या rcvaranasi.ignou.ac.in पर देखा जा सकता है। अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. अनिल कुमार ने बताया कि प्रवेश के लिए अपार आईडी, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी आवश्यक है तथा स्कूल ट्रांसफर या माइग्रेशन प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं होगी। प्रवेश न होने की स्थिति में पूरा शुल्क वापस किया जाएगा और प्रवेश की पुष्टि के बाद 60 दिनों के भीतर निरस्तीकरण पर नियमानुसार शुल्क वापसी का प्रावधान भी रखा गया है।

## बीआरडीपीजी कॉलेज देवरिया में इग्नू के 38 कोर्सों में प्रवेश शुरू, दो नए कोर्स भी शामिल

**स्वतंत्र भारत/देवरिया।** इग्नू अध्ययन केन्द्र 27119, बी.आर.डी. पी. जी. कॉलेज देवरिया में सत्र जनवरी 2026 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष स्नातकोत्तर डिप्लोमा इन बिजनेस और योग में दो नए प्रमाणपत्र कोर्स भी शामिल किए गए हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 रखी गई है। कुल 38 कोर्सों में बी.बी.ए., बी.ए., बी.ए. ऑनर्स (हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, लोक प्रशासन, दर्शनशास्त्र, इतिहास आदि), बी.ए. एप्लाइड विज्ञान, बी.कॉम, एम.कॉम, एम.ए. (विभिन्न विषय), एम.एस.सी. जैव रसायन, रोजगारपरक डेयरी टेक्नोलॉजी, फलों एवं सब्जियों के मूल्यवर्धन में डिप्लोमा और स्नातकोत्तर डिप्लोमा (विश्लेषण रसायन, प्री-प्राइमरी एजुकेशन और संस्कृत में विज्ञान) शामिल हैं। उक्त के बाबत जानकारी देते हुए समन्वयक डा. अमरनाथ ने बताया कि इग्नू में प्रवेश नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार हो रहा है और इसमें आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है। किसी भी विषय में ग्रेजुएशन करने वाले छात्र एम.ए. किसी भी विषय से कर सकते हैं। केंद्र, राज्य सरकार के कर्मचारी, पुलिस और सेना के जवान बिना अवकाश लिए भी कोर्स कर सकते हैं। एस.सी. और एस.टी. श्रेणी के छात्रों जिनके अभिभावक की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है, वे केवल 500 फीस जमा करके बी.ए. और बी.कॉम में प्रवेश लेकर ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इग्नू प्रवेशित छात्रों को उच्च स्तरीय अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है। जिससे न केवल डिग्री प्राप्त होती है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद मिलती है।

IG/PIU/DigiNews/March/1050

इग्नू जन–जन का विश्वविद्यालय

# प्रगतिपथ
(विश्वविद्यालय समाचार)

RANK 1 nirf Under OU Category

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

12th March 2026 | RC– Varanasi

## छात्रहित को देखते हुए इग्नू ने एक बार पुनः बढ़ाई प्रवेश तिथि

### अब 28 फरवरी 2026 तक छात्र छात्राएं ले सकते हैं ऑनलाइन प्रवेश

## इग्नू अध्ययन केंद्र में प्रवेश 15 फरवरी तक

## संक्षिप्त समाचार

### इग्नू में प्रवेश की तिथि 15 फरवरी, 26 तक बढ़ी

गाजीपुर। इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) जनवरी,2026 सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। यह जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र 27101,पी.जी.कॉलेज, गाजीपुर के समन्वयक प्रोफे (डॉ) सत्येंद्र नाथ सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय में परास्नातक, स्नातक डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट सहित कुल 30 कोर्स इस केंद्र से संचालित होते हैं। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में चल रहा है इसमें इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट [illegible] पर जाकर स्वयं प्रवेश ले सकते हैं जो विद्यार्थी जुलाई सत्र में किसी कारणवश नामांकन कराने से वंचित रह गए हैं वह जनवरी, 2026 सत्र में नामांकन लेकर अपनी उच्च शिक्षा को दूरस्थ माध्यम से पूरा कर सकते हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 तक है।

## इग्नू के कोर्सों की प्रवेश तिथि 15 तक बढ़ी

सुल्तानपुर।

कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुल्तानपुर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र 2710 द्वारा संचालित विभिन्न कोर्सो में प्रवेश जारी है। यह जानकारी केएनआई इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा0 शक्ति सिंह ने दी है।

उन्होंने बताया कि इग्नू के तहत अध्ययन करने हेतु प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित थी।छात्र हित में अब इस प्रवेश तिथि को 15 फरवरी 2026 तक विस्तारित कर दिया गया है।

इच्छुक विद्यार्थी या कोई व्यक्ति जो किसी कारणवश अब तक प्रवेश नहीं ले सका है वह केएनआई केन्द्र से एम.ए., बी.ए., बी.कॉम, एम.कॉम.बी.लिब, बी.बी.ए., एम.बी.ए. आदि में प्रवेश ले सकता है। वहीं डिप्लोमा इन हॉर्टिकल्चर डेयरी टेक्नोलॉजी व रूरल डेवलपमेन्ट में डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट इन ह्यूमन राइट, ऑर्गेनिक फॉर्मिंग,रूरल डेवलपमेंट, बी.कीपिंग व फूड न्यूट्रिशन एंड चाइल्ड केयर आदि सर्टिफिकेट कोर्सो मे प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है।

इस केन्द्र से लगभग 65 रोजगारपरक कार्यक्रमों में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को संवार सकते है। इग्नू के समन्वयक ने बताया कि दूर-दराज में रहने वाले नवयुवकों के कौशल विकास के लिए इग्नू एक सुनहरा अवसर है। नौकरी-पेशा लोग या अन्य कोई भी जो किसी कारणों से अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हों, वह भी इग्नू का लाभ उठा सकते है।

प्रवेश के लिए आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है। इससे संबंधित अधिक जानकारी के लिए के.एन.आई. स्थित इग्नू कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते है। प्रवेश ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से इग्नू वेबसाइट पर जाकर लिया जा सकता है।रेगुलर कोर्स के साथ भी कैरियर विकल्प के रूप में इन कोर्सो में प्रवेश लेकर अध्ययन किया जा सकता है।

## केएनआई इग्नू अध्ययन केंद्र पर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित